5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–मुंगेली के ज्ञापन क्रमांक 1369/खनि–03/2020 मुंगेली, दिनांक 26/07/2021 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मस्जिद, मठ्ठ, अस्पताल, स्कूल, पुल, इनीकट, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेल एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

6. **भूमि एवं लीज का विवरण** – भूमि आवेदक के नाम पर है। पूर्व में लीज श्री रमेश जुनेजा के नाम पर थी। लीज डीड 5 वर्षों अर्थात् दिनांक 08/07/2010 से 07/07/2015 तक की अवधि हेतु किए थी। लीज डीड का इनरोलमेंट दिनांक 02/03/2013 को श्रीमति विनीता राय के नाम पर किया गया। तत्पश्चात लीज डीड 25 वर्षों अर्थात् दिनांक 08/07/2015 से 07/07/2040 तक निष्पादित की गई है।

7. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, बिलासपुर वनमण्डल, जिला–बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक/खनि/777 बिलासपुर, दिनांक 23/01/2010 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–सोहागपुरा 300 मीटर, स्कूल ग्राम–सोहागपुरा 820 मीटर, एवं अस्पताल ग्राम–तरगांव 1.8 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 400 मीटर एवं राज्यमार्ग 58.2 कि.मी. दूर है। शिवनाथ नदी 3.7 कि.मी., बोरमी नाला 3.75 कि.मी., तालाब 300 मीटर एवं पहाड़ 5.1 कि.मी. दूर है।

10. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राष्ट्रीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनन संपदा एवं खनन का विवरण** – अनुमोदित क्वारी प्लान के अनुसार जियोलॉजिकल रिजर्व 1,54,850 टन (61,860 घनमीटर), माईनेबल रिजर्व 58,074 टन (23,228 घनमीटर) है। वर्तमान में जियोलॉजिकल रिजर्व 1,48,292 टन (58,517 घनमीटर), माईनेबल रिजर्व 50,134 टन (20,053 घनमीटर) शेष है। लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 1,950 वर्गमीटर है। वर्तमान आवंटित योजना मैकेनाइज्ड विधि से उत्खनन

किया जाता है। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 15 मीटर है। लीज क्षेत्र में ऊपरी मिट्टी की मोटाई 0.5 मीटर तथा कुल मात्रा 882 घनमीटर की, जिसे पूर्व में ही उत्खनित किया जा चुका है। बेंच की ऊंचाई 1.5 मीटर एवं चौड़ाई 1.5 मीटर है। खदान की संभावित आयु 25 वर्ष है। लीज क्षेत्र में प्रदान स्थापित नहीं है एवं इसकी स्थापना का प्रस्ताव नहीं किया गया है। लीज क्षेत्र में ड्रिलिंग एवं ब्लास्टिंग किया जाता है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:-

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)	वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम	5,925	पंचम	4,700
द्वितीय	4,700	छठवां	4,700
तृतीय	4,700	सप्तम	4,700
चतुर्थ	4,700	नवम	4,700
पंचम	4,700	दशम	4,700

12. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 2.75 घनमीटर प्रतिदिन होगी है। जल की आपूर्ति बोरवेल एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से की जायेगी। इस बाबत् ग्राम पंचायत सोहागपुरा का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं सेन्ट्रल ग्राउण्ड वाटर अथॉरिटी की अनुमति प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया है।

13. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 7.5 मीटर की चट्टी में 200 नग वृक्षारोपण किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा लीज क्षेत्र के भीतर पर्यावरणीय प्रबंधन योजना के तहत् निम्नानुसार कार्य प्रस्तावित है:-

विवरण		प्रथम वर्ष (रूपये)	द्वितीय वर्ष (रूपये)	तृतीय वर्ष (रूपये)	चतुर्थ वर्ष (रूपये)	पंचम वर्ष (रूपये)
प्रदूषण नियंत्रण हेतु परिवहन के दौरान सड़कों/वहन मार्ग से उत्पन्न धूल उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव		50,000	50,000	50,000	50,000	50,000
खदान के बाउण्ड्री में (200 नग) वृक्षारोपण के रख-रखाव हेतु	खाद हेतु राशि	5,000	5,000	5,000	5,000	5,000
	पौधिन, सिंचाई एवं रख-रखाव हेतु राशि	1,75,000	1,75,000	1,75,000	1,75,000	1,75,000
कुल राशि = 11,50,000		2,30,000	2,30,000	2,30,000	2,30,000	2,30,000

14. **खदान की 7.5 मीटर की चौड़ी सीमा पट्टी में उत्खनन** – प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर की सीमा पट्टी का कुल क्षेत्रफल 1,860 वर्गमीटर क्षेत्र है, जिसमें से वर्तमान आवेदक को लीज जारी होने के पूर्व से ही 825 वर्गमीटर क्षेत्र 10 मीटर की गहराई तक उत्खनित है, जिसका उल्लेख अनुमोदित खदान योजना में किया

गया है। प्रतिबंधित 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी में अवैध उत्खनन किया जाना पाये जाने पर परियोजना प्रस्तावक के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।

15. उल्लेखनीय है कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा मीन कोल माईनिंग प्रोजेक्ट्स हेतु मानक पर्यावरणीय शर्तें जारी की गई है। शर्त क्रमांक VIII (i) के अनुसार–

"The Project Proponent shall develop greenbelt in 7.5m wide safety zone all along the mine lease boundary as per the guidelines of CPCB in order to arrest pollution emanating from mining operations within the lease. The whole green belt shall be developed within first 5 years starting from windward side of the active mining area. The development of greenbelt shall be governed as per the EC granted by the Ministry irrespective of the stipulation made in approved mine plan."

उक्त मानक शर्तों के अनुसार माईन लीज क्षेत्र के अंदर 7.5 मीटर चौड़े सेफ्टी जोन में वृक्षारोपण किया जाना आवश्यक है।

16. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष निम्नतर में शर्त उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
22.43	2%	0.448	Following activities at Government Middle School **Village- Mohbhatta**	
			Installation of UV water filter and its AMC	0.30
			Running water arrangement in toilet	0.17
				0.47

17. सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तावित स्कूल के प्रधानाध्यापक (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि परियोजना प्रस्तावक की सहमति अनुसार प्रस्तुत सी.ई.आर. कार्य के अतिरिक्त प्रस्तावित स्कूल में आवश्यक एवं पर्यावरण संबंधी सुधारों का भी प्रस्ताव शामिल करते हुये सी.ई.आर. कार्य का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

18. अंडर्टेक कंसल्टिंग का कार्य विस्फोटक लाईसेंस धारक (Explosive License Holder) द्वारा कराये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

19. परियोजना से जिन-जिन स्थलों से न्यूनिहित डम्प उत्सर्जन होगा, उन स्थलों पर नियमित जल छिड़काव की व्यवस्था किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

20. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर एवं बाहर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं उक्त पौधों का 90 प्रतिशत जीवन दर सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

21. परियोजना प्रस्तावक द्वारा मिनरल कन्सेशन नियम (Minerals Concession Rule) के तहत् कार्यरत्ती लिज़र्स द्वारा डीमार्केशन का कार्य सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

22. परियोजना प्रस्तावक द्वारा तालाब, पोखर, नहर, नदी, नाला एवं अन्य जल निकायों के संरक्षण एवं संवर्धन किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

23. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

24. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरुद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

25. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/09/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

समिति द्वारा सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि:-

1. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नया रायपुर अटल नगर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।
2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के अनुरूप निर्धारित शर्तानुसार किये गये वृक्षारोपण के पौधों में संख्यांकन (Numbering) एवं पौधे के नाम का उल्लेख किया जाकर फोटोग्राफ सहित जानकारी प्रस्तुत किया जाए।
3. उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत का अद्यतन अनापत्ति प्रमाण पत्र (कार्यकारी बैठक एवं दिनांक सहित) प्रस्तुत किया जाए।
4. प्रस्तुत सी.ई.आर. प्रस्ताव के अतिरिक्त सहमति अनुसार प्रस्तावित स्थल से आवंटित, पर्यावरण संबंधी पुस्तकों का भी प्रस्ताव शामिल करते हुये सी.ई.आर. कार्य का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
5. माईन लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर चौड़े सेफ्टी जोन के कुछ भाग में किये गये उत्खनन के कारण इस क्षेत्र के उपचारी उपायों (Remedial Measures) के संबंध में तथा लीज क्षेत्र के अंदर माईनिंग क्रियाकलापों के कारण उत्पन्न प्रदूषण के नियंत्रण हेतु आवश्यक उपायों तथा वृक्षारोपण आदि के लिये सम्पूर्ण उपायों बाबत् संचालक, संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, इंद्रावती भवन, नया रायपुर अटल नगर, जिला – रायपुर (छत्तीसगढ़) को पक्ष लेख किया जाए।

8. प्रतिबंधित 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी में अवैध उत्खनन पाये जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु संचालक, संचालनालय, भूमिकी तथा खनिकर्म एवं पर्यावरण की क्षति पहुंचाने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नया रायपुर अटल नगर को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु लेख किया जाए।

उपरोक्त वर्णित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के प्रावन दिनांक 09/01/2023 के परिपेक्ष में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 09/01/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(ब) समिति की 448वीं बैठक दिनांक 24/01/2023

समिति द्वारा पत्रावली, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस संबंध में परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त किये जाने हेतु एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर में दिनांक 17/11/2022 को तथा क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर में दिनांक 17/11/2022 को आवेदन किया गया है। साथ ही एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ प्रावन दिनांक 09/01/2023 के माध्यम से एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर को पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु अनुरोध पत्र लिखा गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्तावित पालन प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत एस.ई.ए.सी./एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ में प्रस्तुत किये जाने बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।

2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के अनुरूप निर्धारित शर्तानुसार किये गये वृक्षारोपण के पौधों में संख्यांकन (Numbering) एवं पौधों के नाम का उल्लेख किया जाकर फोटोग्राफ सहित जानकारी प्रस्तुत की गई है।

3. उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत मोहलाई का दिनांक 16/11/2009 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में परियोजना प्रस्तावक का कथन है कि दिनांक 16/11/2009 को जारी पंचायत प्रस्ताव में लिखी गई शर्त के अनुसार पंचायत प्रस्ताव प्राप्ति के 1 वर्ष के भीतर खनिज विभाग से लीज स्वीकृत कराना अनिवार्य था। पंचायत प्रस्ताव में दी गई उक्त शर्त के अनुसार ही खनिज विभाग से 08/07/2010 को 1 वर्ष के भीतर लीज अनुमोदन करवा लिया गया था। अतः उक्त पंचायत प्रस्ताव प्रभावशील है।

4. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तावित संयंत्र में आवंटित, पर्यावरण संबंधी गुणवत्ता का भी प्रस्ताव शामिल करते हुये सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु निम्नानुसार संशोधित विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
22.43	2%	0.448	Following activities at Government Middle School **Village- Mohbhatta**	
			Installation of UV water filter and its AMC	0.30
			Running water arrangement in toilet	0.17
			Books related to Environment Conservation and Almira for Books	0.10
				0.57

सी.ई.आर. के तहत प्रस्तावित स्कूल के प्रधानाध्यापक (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।

5. समिति का मत है कि सी.ई.आर. एवं फुटप्रिंट कार्य के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु कि–सदस्यीय समिति (कलेक्टर/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या क्षेत्रीयाधीन पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही सी.ई.आर. एवं फुटप्रिंट का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित कि–सदस्यीय समिति से सत्यापित कराया जाना आवश्यक है।

6. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा रावेंद्र पाण्डेय विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजनल एप्लिकेशन नं. 188 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2016 को पारित आदेश में मुख्य रूप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:–

a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–बुरहानपुर के ज्ञापन क्रमांक 714/खनि–02/2022–23 बुरहानपुर, दिनांक 26/09/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 5 खदानें (कुल पट्टार), क्षेत्रफल 3.757 हेक्टेयर है, इसमें अतिरिक्त 500 मीटर के भीतर अवस्थित 1 अन्य लीज़होल्ड खदान, क्षेत्रफल 4.97 हेक्टेयर है, जिसे दिनांक 29/07/2020 को ए.ई.आई. जारी किया गया है। आवेदित खदान (ग्राम–मोहभट्टा) का क्षेत्रफल 0.483

हेक्टेयर है। आवेदित खदान चूना पत्थर खदान है। इस प्रकार संयुक्त खनिज (चूना पत्थर) हेतु आवेदित खदान (ग्राम–मोहभट्ठा) को मिलाकर कुल रकबा 4.238 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित संयुक्त खदानों का कुल क्षेत्रफल 6 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

2. समिति द्वारा विचार निर्णय उपरांत सर्वसम्मति से आवेदक – मेसर्स मोहभट्ठा लाईम स्टोन कंपनी (प्रो– श्रीमती निर्मला राय) को ग्राम–मोहभट्ठा, तहसील–खरसिया, जिला–दुर्ग के खसरा क्रमांक 652, 653 एवं 654 में स्थित चूना पत्थर (लोम खनिज) खदान, कुल क्षेत्रफल–0.482 हेक्टेयर, क्षमता – 4,700 टन प्रतिवर्ष हेतु संशर्त पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

3. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी भारत सरकार, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नया रायपुर अटल नगर से प्राप्त कर को एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करने की शर्त के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति की संशर्त अनुशंसा की जाती है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 20/03/2023 को संपन्न 142वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा विचार निर्णय उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया:–**

1. समिति की अनुशंसा को स्वीकार करते हुये आवेदक – मेसर्स मोहभट्ठा लाईम स्टोन कंपनी (प्रो– श्रीमती निर्मला राय) को पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने का निर्णय लिया गया। समिति द्वारा निर्धारित शर्तों के अलावा निहित किये गये शर्तों का पालन सुनिश्चित किया जाए। पालन नहीं किये जाने की स्थिति में विधिवत कार्यवाही की जाएगी।

2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी भारत सरकार, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नया रायपुर अटल नगर से प्राप्त कर प्रस्तुत किये जाने के उपरांत एवं नियमानुसार जानकारी/दस्तावेज पूर्ण होने की स्थिति में ही परियोजना प्रस्तावक को संशर्त पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र जारी किया जाए।

एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 20/03/2023 के परिपेक्ष्य में पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी भारत सरकार, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नया रायपुर अटल नगर से आज दिनांक तक अप्राप्त है।

उपरोक्त से परियोजना प्रस्तावक द्वारा जानकारी/दस्तावेज प्राप्त नहीं होने के संबंध में दिनांक 21/04/2023 को संशर्त पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने बाबत् अनुशंसा पत्र प्रस्तुत किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 22/08/2023 को संपन्न 148वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती/दस्तावेज/पत्र का अवलोकन किया गया। प्राधिकरण द्वारा नोट किया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत अनुशंसा पत्र में उल्लेखित तथ्य निम्नानुसार है:–

ग्राम मोहम्मदा तहसील पथरिया, जिला बुलेमी (छ.ग.) के खसरा क्रमांक 652, 653, 654 में आवंटित क्षेत्र रकबा 0.482 हेक्टेयर क्षेत्र में चूना पत्थर (मीन माइनर) उत्खनन क्षमता 6,025 टन प्रतिवर्ष हेतु खदान को जिला स्तरीय पर्यावरण सम्मेलन प्राधिकरण जिला बुलेमी छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 01/08/2017 को जारी पर्यावरण स्वीकृति क्रमांक 1178/खनि 02/डी.ई.आई.ए.ए. प्राप्त है। उक्त पर्यावरण स्वीकृति हेतु सर्टिफाईड अनुपालन प्राप्त करने के लिए दिनांक 17/11/2022 को क्षेत्रीय अधिकारी, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, एम.ओ.ई.एफ. अरण्य भवन सेक्टर 19, नया रायपुर अटल नगर को आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

दिनांक 17/11/2022 को सदस्य सचिव, पर्यावरण संरक्षण मंडल, नया रायपुर अटल नगर रायपुर छ.ग. को सर्टिफाईड अनुपालन प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

दिनांक 17/11/2022 को क्षेत्रीय अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर (छ.ग.) में भी सर्टिफाईड कम्प्लायंस प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आज दिनांक तक उक्त कार्यालयों से हमें सर्टिफाईड कम्प्लायंस प्राप्त नहीं हो पाया है।

पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त न हो पाने के कारण मेरी खदान में उत्पादन रुका हुआ है, जिससे खदान में कार्यरत दर्जन भर से ऊपर मजदूरों के परिवार को रोजगार नहीं मिल पा रहा है एवं उनकी आजीविका का साधन बंद हो गया है अतः इस समस्त की आजीविका के साधन को प्रदान करने के लिए मुझे पर्यावरण स्वीकृति जारी करने की कृपा करें। जमा किए गए पालन प्रतिवेदन का सर्टिफाईड कम्प्लायंस प्राप्त हो जाने पर जानकारी प्रस्तुत किया जाएगा। इस संबंध में हमारा पत्र दिनांक 19/01/2023 को राज्य स्तर पर्यावरण विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, छत्तीसगढ़ भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, पर्यावरण भवन सेक्टर-19, नया रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.) में जमा किया गया है। अतः आवेदित प्रकरण में सशर्त पर्यावरण स्वीकृति प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से पूर्व में प्राधिकरण की 142वीं बैठक दिनांक 20/03/2023 में निर्णय लिया गया कि पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन मंगाये जाने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल को पत्र लेख किया जाए।

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, नया रायपुर अटल नगर को तदानुसार पत्र लेख किया जाए।

2. **मेसर्स श्री कुलवंती फॉस्फेट्स लिमिटेड, बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र, ग्राम-बिरकोनी, तहसील व जिला-महासमुंद (कार्यालय का नस्ती क्रमांक 1625)**

ऑनलाईन आवेदन – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ आईएन03/ 71661/2022, दिनांक 03/02/2022 द्वारा टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 25/07/2022 के माध्यम से जारी टी. ओ.आर. के कुछ बिन्दुओं में स्पष्टीकरण हेतु पत्र प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक द्वारा बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र, ग्राम-बिरकोनी, तहसील व जिला-महासमुंद स्थित प्लॉट नं. – 212, 213 एवं 214, कुल क्षेत्रफल – 4.28 हेक्टेयर में प्रस्तावित सिंगल सुपर फॉस्फेट (एसएसपी)/ ट्रिपल

सुपर कॉन्सेंट्रेट (टीएसपी) क्षमता–1,00,000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष के टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया है। परियोजना का कुल विनियोग रूपये 17.5 करोड़ होगी।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के प्रावन क्रमांक 732, दिनांक 17/08/2022 द्वारा प्रकरण बी–1 केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अधिसूचना 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) यानि ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट और प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिलाटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर कलीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित क्लॉज 3(ए) केमिकल फर्टिलाईजर्स हेतु स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) जारी किया गया है।

तदानुसार वर्तमान में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 25/07/2022 के माध्यम से जारी टी.ओ.आर. के कुछ बिन्दुओं में स्पष्टीकरण हेतु पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो निम्नानुसार है:–

S.No.	Conditions	Clarification
1.	It has been asked by SEAC Chhattisgarh to conduct Hearing for the project.	The project is in a notified industrial area. The notified area has been established before 2006. Public Therefore, the project being located in a notified industrial area, the project is exempted from Public Hearing as per clause 7 (i) (II) of EIA notification 2006 & OM J-11011/321/2016-IA. II(1) dated 27.04.2018.
2.	Condition No. (i): Project Proponent shall inform Chhattisgarh before start of monitoring work for preparation of EIA Study Report.	According to the Office Memorandum, dated 29th August 2017 issued by MOEF&CC is enclosed. It is stated that the baseline data used for the preparation of EIA/EMP reports may be collected at any stage, irrespective of the request for TOR or the issue thereof. However, the baseline data should not be older than 3 years. So, in line with this OM, M/s Tulsi Phosphate has already conducted the monitoring for the period (1st Dec 2021 to 28th Feb, 2022). The monitoring test reports will be submitted along with the submission of EIA report.

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 425वीं बैठक दिनांक 21/09/2022:

समिति द्वारा नस्थी, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा चाही गई जानकारी स्पष्टीकरण के बिन्दु क्रमांक 1 के परिपेक्ष्य में समिति के संज्ञान में यह तथ्य आया कि भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या: J-11011/321/2016-IA.II(I), दिनांक 27/04/2018 के अनुसार "the exemption from public consultation, as provided under para 7(i) III State (3)(ob) of the EIA Notification, 2006, shall not be applicable to the following projects or activities (located within the industrial estates / parks) listed as under:" में 5 (a) का उल्लेख नहीं है।

2. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत Government of India Ministry of MSME, State Industrial Profile of Chhattisgarh 2015-16 के सारणी क्रमांक–6 के बिंदु क्रमांक–37 में Industrial Area, Birkoni, Mahasamund का उल्लेख है।

3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत लीज मेमोर्स की तुलसी कॉरपोरेट्स लिमिटेड, बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र के नाम पर है। लीज डीड 99 वर्ष अर्थात् दिनांक 25/10/2010 से 24/10/2109 तक की अवधि हेतु किया है।

4. भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ऑफिस मेमोरेण्डम एवं परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत जानकारी से यह स्पष्ट होता है कि एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के झापन क्रमांक 732, दिनांक 17/08/2022 द्वारा जारी टी.ओ.आर. में लोक सुनवाई की आवश्यकता नहीं है।

5. परियोजना प्रस्तावक द्वारा चाही गई उपरोक्त स्पष्टीकरण के बिन्दु क्रमांक 3 के परिप्रेक्ष्य में समिति के संज्ञान में यह लाया गया कि भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ऑफिस मेमोरेण्डम क्रमांक J-11013/41/2006-IA-II(I)(Part), दिनांक 29/08/2017 के अनुसार "(vii) The baseline data used for preparation of EIA/EMP reports may be collected at any stage, irrespective of the request for TOR or the issue thereof. However, such a baseline data and the public consultation should not be older than 3 years, at the time of submission of the proposal, for grant of Environmental Clearance, as per ToRs prescribed." का उल्लेख है।

6. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में ही बेसलाईन डाटा कलेक्शन का कार्य 1 दिसम्बर, 2021 से 28 फरवरी, 2022 के मध्य किया गया है। उक्त बेसलाईन डाटा की अवधि को 03 वर्ष पूर्ण नहीं हुये है। अतः ई.आई.ए. रिपोर्ट तैयार किए जाने हेतु उक्त बेसलाईन डाटा का उपयोग करने की अनुमति प्रदान किए जाने एवं तदानुसार नवीन टर्म्स ऑफ रिफरेन्स (बिना लोक सुनवाई) जारी करने का अनुरोध किया गया।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व में एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के झापन क्रमांक 732, दिनांक 17/08/2022 द्वारा जारी टी.ओ.आर. में निम्न संशोधन किए जाने की अनुशंसा की गई–

"प्रकरण बी–1 केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 5(ए) केमिकल फर्टिलाईजर्स हेतु स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) निम्न अतिरिक्त बिन्दुओं सहित जारी किए जाने की अनुशंसा की गई"

के स्थान पर

"प्रकरण बी–1 केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 5(ए) केमिकल फर्टिलाईजर्स एवं भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ऑफिस

नोटिफिकेशन क्रमांक J-11011/321/2016-IA.III), दिनांक 27/04/2018 द्वारा **Exemption from Public Consultation for the projects/activities located within the Industrial Estates/Parks** हेतु स्टैण्डर्ड टीओआर (बिना लोक सुनवाई) निम्न अतिरिक्त बिन्दुओं सहित जारी किए जाने की अनुशंसा की गई

पढ़ा जाए।

एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 732, दिनांक 17/08/2022 द्वारा जारी टी.ओ.आर. की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 11/11/2022 को संपन्न 122वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्राधिकरण द्वारा नोट किया गया कि:–

1. ग्राम– बिरकोनी, तहसील व जिला–महासमुंद में बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र को कम अधिसूचित किया गया है, इस संबंध में आवश्यक जानकारी/दस्तावेज उपरोक्त विषय से प्राप्त किया जाना है।
2. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में केसलाईन डाटा कलेक्शन 1 दिसम्बर, 2021 से 28 फरवरी, 2022 के मध्य किये जाने की सूचना दी गई है अथवा नहीं के संबंध में परियोजना प्रस्तावक से जानकारी मंगाया जाना आवश्यक है।

प्राधिकरण द्वारा तत्पश्चात सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि:–

1. ग्राम–बिरकोनी, तहसील व जिला–महासमुंद में बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र कम अधिसूचित किया गया है? के संबंध में उद्योग संचालनालय, उद्योग भवन, रायपुर एवं वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन से जानकारी मंगाया जाने हेतु पत्र प्रेषित किया जाए।
2. पूर्व में केसलाईन डाटा कलेक्शन 1 दिसम्बर, 2021 से 28 फरवरी, 2022 के मध्य किये जाने की सूचना दी गई है अथवा नहीं के संबंध में परियोजना प्रस्तावक को पत्र प्रेषित किया जाए।

एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 16/12/2022 के परिपालन में परियोजना प्रस्तावक द्वारा जानकारी/दस्तावेज दिनांक 30/12/2022 एवं 24/04/2023 को प्रस्तुत किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 22/05/2023 को संपन्न 148वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा पत्रावली/दस्तावेज/पत्र का अवलोकन किया गया। प्राधिकरण द्वारा नोट किया गया कि:–

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के ज्ञापन क्रमांक सीएसआईडीसी/भू–अर्जन/22/866, रायपुर, दिनांक 07/12/2022 द्वारा जारी पत्र में "(1) औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी, जिला–महासमुंद की स्थापना की घोषणा – उक्त में उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार कार्यालय कलेक्टर, जिला महासमुंद के पत्र क्रमांक 351/डिकला/रा. /98, दिनांक 09–10–1998 को औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी, जिला–महासमुंद की स्थापना हेतु कुल 96.42 हेक्टेयर शासकीय भूमि के हस्तांतरण हेतु अनुमति/कार्यवाही करने का शेष है। (2) भूमि का हस्तांतरण – विधिवत भूमि का अधिग्रहण महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, महासमुंद के

मंत्रालय से सीएसआईडीसी द्वारा दिनांक 04-02-2020 को प्राप्त किया गया है।" का उल्लेख है।

2. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ओ.एम. दिनांक 29/08/2017 अनुसार "The baseline data used for preparation of EIA/EMP reports may be collected at any stage, irrespective of the request for ToR or the issue thereof. However, such a baseline data and the public consultation should not be older than 3 years, at the time of submission of the proposal, for grant of Environmental Clearance, as per ToRs prescribed." के तहत् परियोजना प्रस्तावक द्वारा बेसलाईन डाटा कलेक्शन का कार्य दिनांक 01/12/2021 से 28/02/2022 के मध्य किया जाना बताया गया है।

प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत कार्यवाही के निर्णय लिया गया कि पूर्व में एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 732, दिनांक 17/08/2022 द्वारा जारी टी.ओ.आर. में निम्न संशोधन किये जाने की अनुशंसा की गई:-

"प्रकरण बी-1 केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टेण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) और ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट और प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 5(ए) कोस्टल रेगुलेशन जोनों हेतु स्टेण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) निम्न अतिरिक्त बिन्दुओं सहित जारी किए जाने की अनुशंसा की गई"

के स्थान पर

"प्रकरण बी-1 केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टेण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) और ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट और प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 5(ए) कोस्टल रेगुलेशन जोनों एवं भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ऑफिस मेमोरेण्डम क्रमांक J-11011/321/2016-IA.III), दिनांक 27/04/2016 द्वारा Exemption from Public Consultation for the projects/activities located within the Industrial Estates/Parks हेतु स्टेण्डर्ड **टीओआर (बिना लोक सुनवाई)** निम्न अतिरिक्त बिन्दुओं सहित जारी किए जाने की अनुशंसा की गई"

पढ़ा जाए।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 732, दिनांक 17/08/2022 द्वारा जारी टी.ओ.आर. की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

परियोजना प्रस्तावक को टी.ओ.आर. में संशोधन जारी किया जाए।

एजेण्डा आयटम क्रमांक–6	मेसर्स गणपति आयरन एण्ड स्टील, ग्राम–पाली, तहसील व जिला–रायगढ़ को जारी टी.ओ.आर. को वापस (withdraw) लिए जाने हेतु प्राप्त आवेदन के संबंध में निर्णय लिया जाना।

1. मेसर्स गणपति आयरन एण्ड स्टील, ग्राम–पाली, तहसील व जिला–रायगढ़ (सचिवालय की नस्ती क्रमांक 794)

आवेदन – पूर्व में प्रस्तावित पत्र – एसआईए/ सीजी/ आईएनडी/ 34242/2019, दिनांक 05/04/2019 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया था। वर्तमान में परियोजना प्रस्तावक द्वारा जारी टी.ओ.आर. को वापस (withdraw) लिए जाने हेतु अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम–पाली, तहसील व जिला–रायगढ़ स्थित खसरा क्रमांक 22/1, 22/2, 22/18, 22/16, 22/10, एवं 22/17, कुल क्षेत्रफल – 5.878 हेक्टेयर में प्रस्तावित इस्पात संयंत्र फर्नेस सिद्ध सीसीएम (12 टन युक्त 4 नग) (एम.एस. बिलेट) क्षमता – 1,70,256 टन प्रतिवर्ष एवं डी–रोल्ड स्टील प्रोडक्ट्स क्षमता – 1,57,016 टन प्रतिवर्ष (रोलिंग मिल (बू हीट चार्ज) क्षमता – 78,508 टन प्रतिवर्ष एवं रोलिंग मिल (बू री–हीटिंग फर्नेस) क्षमता – 78,508 टन प्रतिवर्ष) के पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए टीओआर हेतु आवेदन किया गया है। प्रस्तावित परियोजना का विनिवेश रूपए 25 करोड़ होगा।

एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के प्रावधान क्रमांक 549, दिनांक 27/07/2018 द्वारा प्रकरण बी–1 केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टेण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टी.ओ.आर.) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज निक्षायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित क्रमांक 3(ए) मेटालर्जिकल इन्डस्ट्रीज (बेसिक एण्ड नॉन–फेरस) हेतु स्टेण्डर्ड टी.ओ.आर. (लोक सुनवाई सहित) जारी किया गया है।

वर्तमान में परियोजना प्रस्तावक द्वारा जारी टी.ओ.आर. को वापस (withdraw) लिए जाने हेतु अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 22/06/2023 की सम्पन्न 146वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती/दस्तावेज/पत्र का अवलोकन किया गया। प्राधिकरण द्वारा नोट किया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत अनुरोध पत्र में उल्लेखित तथ्य निम्नानुसार है:–

"With reference to above cited TOR issued to our proposed steel project proposed at Village - Pali, Tahsil and District- Raigarh (CG), we wish to submit that we have decided not to implement the above project, and have signed agreement with M/s. Maa Manaa Iron and Power Private Limited for sale of the same land, on which they have proposed to setup a sponge iron plant.

Therefore we herewith wish to submit that we are not going ahead with preparation of EIA and herewith surrendering the TOR issued to our project. Thus herewith request you to kindly allow us to surrender the TOR."

प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रेषित अनुरोध पत्र के परिप्रेक्ष्य में प्रावधानों के आधार पर उपयुक्त अनुशंसा किये जाने हेतु प्रकरण को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

एजेण्डा आइटम क्रमांक–3	**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार), कार्यालय परियोजना निदेशक, परियोजना कार्यान्वयन इकाई, धमतरी द्वारा प्रेषित पत्र के संबंध में निर्णय लिया जाना।**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार), कार्यालय परियोजना निदेशक, परियोजना कार्यान्वयन इकाई, धमतरी के ज्ञापन दिनांक 24/04/2023 द्वारा "Development of Sargi-Basanwahi Section from Km.42+500 to Km.99+500 of NH- 130CD under Raipur-Visakhapatnam under Raipur-Visakhapatnam Economic Corridor in the State of Chhattisgarh on HAM mode Environment Clearance of Stone Mine used for construction of Government project (Bharatmala) - Reg." के संबंध में पत्र प्रेषित किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 22/06/2023 को संपन्न 140वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती/दस्तावेज/पत्र का अवलोकन किया गया। प्राधिकरण द्वारा नोट किया गया कि पत्र में उल्लेखित तथ्य निम्नानुसार है:–

"Development of Six lane Sargi-Basanwahi Section of NH-130 CD road from Km. 42+500 to Km 99+500 under Raipur-Visakhapatnam Bharatmala Pariyojna has been awarded to Concessionaire M/s Raipur-Visakhapatnam CG-2 Highways Limited & appointed date was declared on 09.01.2023. Presently the work is under progress.

Concessionaire vide letter dt.14.01.2023 has informed that they have has applied for environment clearance for minor minerals (stones) vide application No.424308, 424420, 424447 & 424484 dt.05.04.2023 for village Dhantouda, Teh - Magarlod & application No.424508, 424551, 424586 & 424712 dt.05.04.2023 for vill-Gondalarala, The-Nagri.

In view of the above, as the said Bharatmala project is highly prestigious project of Govt. of India & is being monitored by higher Authority at various level, therefore it is requested to do the needful action for environment clearance for minor mineral (stones) at the earliest so that project will be completed on schedule time."

प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपरोक्त पत्र का अवलोकन किये जाने हेतु प्रकरण को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

एजेण्डा आइटम क्रमांक–8 **छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा जारी आदेश दिनांक 29/04/2015 में संशोधन के संबंध में निर्णय लिया जाना।**

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ से छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा जारी आदेश दिनांक 29/04/2015 में संशोधन के संबंध में नोटशीट के माध्यम से विस्तृत विवरण सहित प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसमें छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर के ज्ञापन क्रमांक एफ 1–15/2015/32 नया रायपुर, दिनांक 29/04/2015 द्वारा आदेश जारी किया गया है। उक्त जारी आदेश के पैरा 5 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण एवं राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत होने वाले आवेदन–पत्रों की प्रारंभिक छानबीन हेतु परीक्षण शुल्क की दरें निर्धारित की गई है। उक्त जारी आदेश का संशोधन आज दिनांक तक नहीं किया गया है। छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्यों (म.प्रदेश, उड़ीसा, झारखण्ड, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश) द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्राप्त आवेदनों के परीक्षण शुल्क की दरों का निर्धारण किया गया है।

उपरोक्त के अनुक्रम में लेख है कि टी.ओ.आर., पर्यावरणीय स्वीकृति, टी.ओ.आर./ पर्यावरणीय स्वीकृति में संशोधन, टी.ओ.आर./ पर्यावरणीय स्वीकृति में वैधता वृद्धि, आदि प्रकरणों के कार्यवाही के लिए कर्मचारियों के भुगतान किये जाने वेतन एवं भत्तों तथा अध्यक्ष एवं सदस्यों के बैठक की फीस और यात्रा–भत्ता आदि के व्यय के भुगतान हेतु छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा जारी आदेश दिनांक 29/04/2015 में निर्धारित परीक्षण शुल्क की समीक्षोपरांत संशोधन करने जाने बाबत् प्रस्ताव प्रस्तावित किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 22/05/2023 को सत्रान्त 148वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ से प्राप्त प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से** राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ से प्राप्त प्रस्ताव को आगामी कार्यवाही किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर अटल नगर को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

एजेण्डा आइटम क्रमांक–9 **राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, छत्तीसगढ़ की बैठकों में अनुपस्थित परियोजना प्रस्तावकों के प्रकरण को डि–लिस्ट/निरस्त करने के संबंध में निर्णय लिया जाना।**

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ से राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, छत्तीसगढ़ की बैठकों में अनुपस्थित परियोजना प्रस्तावकों के प्रकरण को डि–लिस्ट/निरस्त करने के संबंध में नोटशीट के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसमें राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, छत्तीसगढ़ के बैठकों में यह संज्ञान में लाया गया कि अनुपस्थित परियोजना प्रस्तावकों को ऑनलाईन पोर्टल से

डि-लिस्ट/निरस्त करने के संबंध में कोई भी आदेश एस.ई.आई.ए.ए./एस.ई.सी., छत्तीसगढ़ के स्तर से जारी नहीं हुआ है। उक्त के संबंध में निम्न प्रक्रिया प्रस्तावित है:-

"जो परियोजना प्रस्तावक की बार प्रस्तुतीकरण हेतु अनुपस्थित रहेंगे उनको तीसरी बार की बैठक में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में परियोजना प्रस्तावक के ऑनलाईन आवेदन को पोर्टल से डि-लिस्ट/निरस्त करने का निर्णय एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ द्वारा लिया जायेगा"

उक्त प्रस्ताव को:-

1. ई-मेल के माध्यम से सभी एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के सदस्यों को मेजकर सुझाव/आपत्ति लिया जाए।
2. तत्पश्चात सुझाव/आपत्ति को शामिल कर अध्यक्ष एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ द्वारा अनुमोदन पश्चात् एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किया जाए।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 22/06/2023 को संपन्न 548वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से** उपरोक्त प्रस्ताव हेतु आदेश पारित करते हुये परिवेश पोर्टल में अपलोड किये जाने का निर्णय लिया गया।

उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए।

एजेण्डा आयटम क्रमांक-10 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय।

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, नई दिल्ली के ऑफिस मेमोरेण्डम दिनांक 28/04/2023 के संबंध में।

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, नई दिल्ली के ऑफिस मेमोरेण्डम दिनांक 28/04/2023 के पैरा 4 अनुसार "The matter has been examined in the Ministry and accordingly it has been decided that all valid ECs issued by DEIAA shall be reappraised through SEAC/SEIAA in compliance to the order of the Hon'ble NGT in O.A.142 of 2022. In view of above, it is hereby directed that all concerned SEACs shall re-appraise the ECs issued by DEIAAs between 15.01.2016 and 13.09.2018 (including both dates) and all fresh ECs in this regard shall be granted only by SEIAAs based on such appraisal. The exercise shall be completed within a time period of one year from the date of issue of this OM. DEIAAs shall transfer all such files where ECs have been granted to concerned SEIAA within a time period of one month from issue of this OM. The State Government may assess the existing workload of SEAC(s) and accordingly, send proposals for constitution of additional SEAC for a specified period to deal with such additional workload." हेतु जारी किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा दिनांक 22/06/2023 को सम्पन्न 148वीं बैठक में उक्त ऑफिस मेमोरेण्डम का अवलोकन किया गया। ऑफिस मेमोरेण्डम में दिये गये समस्त जानकारियों एवं आदेशों से प्राधिकरण अवगत हुई।

बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

(आर.पी. तिवारी)
सदस्य-सचिव,
राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन
प्राधिकरण, छत्तीसगढ़

(देवशीष दास)
अध्यक्ष,
राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन
प्राधिकरण, छत्तीसगढ़

(डॉ. संजय सिन्हा)
सदस्य
राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़